## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पाटन पलामू।** पाल्हे कला पंचायत के बसदह के पास क्रेटा कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर जिप सदस्य संग्राम सिंह मौके पर एंबुलेंस व प्रशासन के साथ पहुंच घायल को मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दिये निर्देश

**सतबरवा पलामू।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने शनिवार को सतबरवा प्रखंड के डीलरों के साथ प्रखंड सभागार में बैठक की। इस दौरान डीएसओ ने कहा कि पूरे राज्य में पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने राशन उठाव में परेशानियों पर भी विस्तृत चर्चा की। छूटे सदस्यों के आधार सीडिंग, मृत लाभुकों का राशन कार्ड से नाम हटाना, अपवाद पंजी से खाद्यान्न वितरण, डुप्लिकेट यूआइडी वाले लाभुकों का नाम हटाने को कहा। बैठक में एमओ रजनीकांत पांडेय, दुकानदार पप्पू प्रसाद, कृष्ण कांत प्रसाद चंदेश्वर बैठा, राजेश्वर राम, दीना प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, भूषण शुक्ला भी थे।

### ऑक्सफोर्ड फ्लैग ऑफ असेंबली सह शैक्षणिक सत्र का समापन समारोह



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ असेंबली सह शैक्षणिक सत्र समापन समारोह मना। जिसकी शुरुआत अलंकरण समारोह 16 अप्रैल 2022 को परीक्षा हुई थी। अग्रिम शुभकामना देते हुए प्राचार्य डॉ एके सिंह ने विभिन्न सदनों के अर्जित अंक व स्थान की घोषणा की। जिसमें प्रथम कीट्स, द्वितीय एलियट एवं तृतीय स्थान पर बायरन सदन रहे। प्राचार्य ने कहा कि भावी शैक्षणिक सत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने सदन का नाम रौशन करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर हों। संचालन मीनू सिंह एवं शिवांगी आनंद ने किया। मौके पर शिक्षिका प्रभारी पल्लवी सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षकवृंद उपस्थित थे।

### नेशनल आइटीआइ में लगा रोजगार मेला




**हरिहरगंज पलामू।** कौवाखोह के नेशनल आइटीआइ कॉलेज परिसर में शनिवार को रोजगार मेला लगा। रोजगार मेला में बेंगलुर के अशोक लेलैंड कंपनी ने नेशनल आइटीआइ हरिहरगंज, पीपरा के अलावे छत्तरपुर, नौडीहा के साथ ही सीमावर्ती अंबा, कुटुंबा सहित अन्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षित बेरोजगार युवकों का कंपनी के रिक्वायरमेंट मैनेजर मुकेश पांडेय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मौखिक परीक्षा ली। परीक्षा में 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमे 30 का सेलेक्शन हुआ। वहीं आइटीआइ के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। 3 मार्च को नेशनल आइटीआइ कौआखोह में बेंगलुरु के सिविल कंस्ट्रक्शन एल एंड टी कंपनी के द्वारा कैंपस सेलेक्शन होगा। मौके पर ऑफिस इंचार्ज प्रशांत कुमार, अनुदेशक कुंदन कुमार, राहुल कुमार, अरविंद सिंह मौजूद थे।

### ग्रामीण खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना ही लक्ष्य है : विधायक



**हुसैनाबाद पलामू।** युवा फुटबॉल क्लब सजवन ने सूर्य मंदिर मैदान सजवन में फुटबॉल टूर्नामेंट खेला गया। फाइनल झारखंड के सड़या और बिहार के नबीनगर बीच खेला गया। फाइनल मैच की शुरुआत विधायक कमलेश कुमार सिंह के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। निर्धारित समय में बिहार नबीनगर ने झारखंड सड़या को 2-0 से पराजित कर दिया। मेन ऑफ दी मैच रिंकू कुमार को मिला। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, जिप सदस्य राजू मेहता, उप प्रमुख पप्पू पासवान,पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बिमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक ने कहा कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी पंचायतों में टीम सूर्या का गठन किया है। हुसैनाबाद- हरिहरगंज विस क्षेत्र के युवा भी राज्य व देश स्तर पर पहचान बनायें इस दिशा में कार्य जारी है। जल्द ही विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों में स्टेडियम भी बनवाया जायेगा। मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता, एनसीपी अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, समाजसेवी विवेकानंद सिंह, संदीप पासवान पिपरा विधायक प्रतिनिधि, योगेंद्र सिंह, राजू खान, अभिषेक मेहता, भारदूल सिंह,चंदन सिंह, अरुण सिंह, गुडु सिंह, आयोजनकर्ता रंजीत वर्मा, रंजीत राज आदि थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया युवा नेता दिलीप नामधारी को समर्थन देने की घोषणा



**मेदिनीनगर।** जमुने पंचायत के भैसाखुर मंदिर परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। वनभोज में कई कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी को समर्थन देने का वादा किया। उनसे आग्रह किया कि आप किसी भी रूप में चुनाव लड़ें हम सभी आपके साथ हैं। दिलीप नामधारी ने कहा कि गत चुनाव नहीं लड़ने का कारण अस्वस्थता बताते हुए कहा कि जब सहयोगी ही किसी खास दल का टिकट लेने के लिए दबाव डाले तो प्रत्याशी आखिर कौन सा उपाय कर सकता है। लोगों का समर्थन प्रत्याशी की सबसे बड़ी ताकत होती है। मौके पर राजकुमार सिंह, रतन पांडेय, मुंद्रिका राम, नंद किशोर मेहता, अर्जुन सिंह, शीतल सिंह, अजीत मेहता, राजा गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, विनय त्रिपाठी, नीतीश सिंह, महावीर प्रसाद, लखन चौधरी शामिल थे। संचालन राकेश ठाकुर ने किया।

### 7, 8, 9 को बंद रहेंगी सभी जन वितरण की दुकानें : युगल किशोर तिवारी



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के डीलरों ने सिंचाई विभाग के समीप बैठक की। अध्यक्षता युगल किशोर तिवारी और संचालन प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ देश के 5 लाख दुकानदार 7,8,9 फरवरी 2023 को हड़ताल पर रहेंगे। डीलर सरकार से लगातार अपनी मांग रखते रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

# चतरा-गया रेल लाइन को बजट में स्वीकृति, राशि का हुआ आवंटन

➲ चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का जताया आभार

■ टोरी - चतरा- गया नई रेल लाइन के अंतिम स्थल सर्वेक्षण के लिए बजट में आवंटन व बरवाडीह-चिरमिरी नई रेल लाइन को भी बजट आवंटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुनील सिंह, चतरा सांसद।

**सतबरवा पलामू।** चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का क्षेत्र की जनता की ओर आभार प्रकट किया है। चतरा लोक सभा क्षेत्र को रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। चतरा - गया रेल लाईन को बजट में शामिल करके राशि का आवंटन किया है। साथ ही टोरी - चतरा - गया नई रेल लाईन के अंतिम स्थल सर्वेक्षण के लिए भी बजट में धन राशि का आवंटन हुआ है। इसके अतिरिक्त बरवाडीह-चिरमिरी नई रेल लाइन के लिए बजट में राशि आवंटित किया गया है। मालूम हो कि चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह इन रेलवे लाईनों के लिए कई बार संसद में मांग उठाई तथा लगातार रेल मंत्री एवं रेलवे अधिकारियों से मिलकर अथक प्रयास किये जिसके परिणामस्वरूप चतरा लोकसभा को नई रेलवे लाईनों के लिए बजट में सौगात मिली है। इन रेल लाईनों के निर्माण से चतरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र विकास की मुख्य धारा में जुड़ जायेगा। इसके लिए सांसद श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री का अभार प्रकट किया है। वहीं सतबरवा सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर ने भी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सांसद सुनील कुमार सिंह का अभार व्यक्त किया है।

### उपायुक्त ने की मनरेगा, पीएम आवास जेएसएलपीएस की योजनाओं की समीक्षा

# दो जेई सेवामुक्त, एक पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं के प्रखंडवार समीक्षात्मक बैठक की गयी। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, भीमराव अंबेडकर आवास योजना, आधार सीडिंग, जिओ टैग, लंबित इंदिरा आवास योजना की समीक्षा की। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि सप्ताह में एक दिन प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेई को बुलाकर पंचायत में चल रही योजनाओं की समीक्षा करें। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान मनरेगा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण ऑन द स्पॉट हुसैनाबाद और सतबरवा प्रखंड के जेई को सेवामुक्त किया, वंही लेस्लीगंज के जेई के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

#### ...और क्या बोले पलामू उपायुक्त




उपायुक्त ने पाटन के बीडीओ और बीपीओ को मनरेगा और आंगनबाड़ी के कार्यो को लंबित रखने पर शो कॉज जारी करने को कहा। उन्होंने जिले के सभी बीडीओ, बीपीओ और जेई को क्षेत्र भ्रमण कर मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने पलामू जिले में पशुओं के वैक्सीनेशन को लेकर संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि वैक्सीनेशन करने वाले लोगों को जेएसपीएल से सभी प्रखंडो में एक सप्ताह में प्रशिक्षण देकर 10 दिनों में पशुओं को वैक्सीन देकर जिले को वैक्सीन मुक्त करें। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, डीएचओ, जिले के सभी बीडीओ, बीपीओ, आवास को-ऑर्डिनेटर, बीपीएम, जेई समेत प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा से जुड़े कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

**लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश :** समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी बीडीओ-बीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी, पीएम आवास, अंबेडकर आवास, इंदिरा आवास, आधार सीडिंग, पोटो हो, खेल, बागवानी आदि लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने पांडू, पांकी और चैनपुर बीडीओ और बीपीओ को 15 दिन के अंदर 100 प्रतिशत आधार

# सदर की राशन दुकानों की जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जानी हकीकत

■ जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सदर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के कई दुकानों का किया निरीक्षण

■ राज्य में चल रहे पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विक्रताओं को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने सदर प्रखंड अंतर्गत जन वितरण प्रणाली की कई दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पूरे राज्य में चल रहे पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विक्रताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और अब तक इस दिशा में हुए प्रगति की समीक्षा की।

तत्पश्चात प्रीति किस्कु ने सदर प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सभी विक्रेताओं के साथ बैठक आहूत कर इस संबंध में सभी बिंदुओं पर तथा मुख्य रूप से छूटे हुए सदस्यों के आधार सीडिंग, मृत लाभुकों का राशन कार्ड से नाम विलोपन, अपवाद पंजी से खाद्यान्न का वितरण, डुप्लिकेट यूआइडी वाले लाभुकों का नाम विलोपित किये जाने से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु के अलावे, रजनीकांत पांडेय, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

# पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना को लेकर उपायुक्त की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित विभिन्न स्टॉकहोल्डर्स को पीएमएफएमई योजना को धरातल पर उतारने हेतु कई दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने तीन चयनित प्रखंड मेदिनीनगर, पांकी, हरिहरगंज में कार्यशाला आयोजित कर किसानों, उद्यमियों को स्कीम के बारे में जानकारी देने और जिले में 10 खाद्य उत्पादों को चिह्नित कर बढ़ावा देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम मैनेजर जेएसएलपीएस, सिटी मैनेजर छतरपुर, जिला समन्वयक उद्योग विभाग, जिला रिसोर्स पर्सन एवं बेतला फार्मर प्रोड्यूसर कोऑपरेटिव लिमिटेड, सभी वाणिज्यिक बैंकों के प्रतिनिधि, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के साथ अन्य एफपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# दुखद: पैसे के अभाव में हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार का नहीं हो रहा है समुचित ईलाज

■ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीएम और मंत्रियों को ट्वीट कर आर्थिक मदद की लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ईलाज के अभाव में बेड पर पड़े परमानंद चौधरी।

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी का लगभग तीन माह से ब्रेन हैमरेज के शिकार है।जो जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। जिनके ईलाज के लिए परिवार के लोग पूर्व से काफी पैसा लगा चुके। उनका इलाज उत्तर प्रदेश के बनारस से चल रहा है। चिकित्सकों की सलाह के अनुसार वे पहले से काफी बेहतर हैं परंतु उनको मेदांता दिल्ली ले जाने की सलाह दी गयी है। परंतु पैसे के अभाव में परिजन ले जाने में असमर्थ हैं। अब स्थिति यह कि जो पत्रकार लोगों के लिए इंसाफ दिलाता था, आज वह जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। जिसे लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एआर रहमान सहित कई कार्यकर्ताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पलामू सांसद बीडी राम व रविंद्र नाथ महतो को ट्वीट कर अविलंब ईलाज हेतु मदद करने की गुहार लगाई है जिसके बाद झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने ट्वीटर पर उनके बीमार होने के बाद घर की आर्थिक स्थिति काफी गंभीर है। हित कुटुंब एवं सहयोगियों ने पहले मदद की, लेकिन अब मोटी रकम खर्च होने की संभावना है, जिसमें घरवाले असमर्थ विधानसभाध्यक्ष के आदेश के बाद कोई सरकारी सहायता या विधायक, सांसद मदद करते हैं या नही बहरहाल, मामला बेहद गंभीर है।

पलामू जिला के उपायुक्त महोदय को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इलाज में मदद को कहा है। परंतु आधिकारिक तौर पर वैसे कोई अधिकारी अभी तक कोई प्रयास नहीं किया है।

### पुलिस इंस्पेक्टर ने किया एसबीआई शाखा का निरीक्षण



**हरिहरगंज पलामू।** पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा का निरीक्षण किया। साथ ही बैंक में सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश दिये। बैंक के सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा गार्ड की जानकारी ली। इस दौरान गार्ड की ड्यूटी रजिस्टर भी जांच की। उन्होंने बैंक में आने वाले लोगों पर संदेह होने पर पूछताछ करने का निर्देश देते हुए बैंक के आसपास भटकने वाले लोगों पर नजर रखने की बात कही। मौके पर शाखा प्रबंधक राजीव रंजन सहित कई बैंक कर्मी उपस्थित थे।

### पाटन : लीवर डैमेज होने से युवक की मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पकरी निवासी कृष्णा शुक्ला पिता बिक्रमा शुक्ला की मौत लीवर डैमेज होने से हो गयी। उसका ईलाज पंजाब के चंडीगढ़ में चल रहा था। अचानक मौत की खबर आने पर पकरी तथा आसपास के लोगों में मायूसी छा गयी। हंसमुख स्वभाव के होने से कृष्णा उनका लोगों से गहरा जुड़ाव था। वे अपने पीछे चार बच्ची व परिवार को छोड़ गये हैं।

### हुसैनाबाद : लोटनिया डीलर पर कार्रवाई का निर्देश



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के लोटनिया पंचायत के राशन डीलर सिंधु स्वयं सहायता समूह पर कार्रवाई निर्देश सीएम हेमंत सोरेन व खाद्य मंत्री रामेश्वर उरांव ने दिया है। हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह ने बताया कि उक्त डीलर कार्डधारियों को एक किलो कम राशन देता था। जानकारी मिलने पर कार्रवाई हुई है। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद विस क्षेत्र सहित पलामू जिला अकाल की चपेट में है। यहां की जनता त्रस्त है। वहीं दूसरी तरफ डीलर अगर कार्डधारी को कम राशन देगा तो कहीं से उचित नहीं है।

### बेदाग सेवानिवृति ही सफलता की पहचान: जयकिशोर



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा उप डाकघर के कर्मियों ने सुरेंद्रनाथ मिश्रा को भावभीनी विदाई दी। इन्होंने करीब 40 वर्षों तक इस डाकघर में पैकर के रूप में अपनी सेवा दी। वहीं हीरानंद मिश्रा पोस्टमैन के रूप में 1985 में बहाल होकर करीब 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। पोस्टमास्टर जय किशोर प्रसाद ने कहा कि इनकी स्वच्छ और बेदाग छवि ही इनके कार्य को दर्शाता है। इनसे आज के जो कर्मी हैं उन्हें सीख लेने की जरूरत है। मौके पर वैद्य सुनील मिश्रा, शिक्षक अर्पण गुप्ता, डाककर्मी अखिलेश तिवारी, अशोक तिवारी, रूपेश कुमार, शिवपूजन सिंह समेत प्रखंड के सभी डाक कर्मी थे।

## सतबरवा के वार्ड नंबर एक में नाली के कचरा की हुई सफाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** संत गुरु रविदास महासंघ के सतबरवा इकाई के द्वारा सतबरवा वार्ड नंबर एक के अधीन पुरानी मस्जिद से हाई स्कूल जाने वाले रोड में कचरा को निजी खर्च साफ करवाया गया। पानी निकास के लिए बने नाली में कचरा नाली में फस जाने के कारण नाली का पानी सड़क से बह रहा था जिसके आसपास के रहने वाले लोगों को बदबू से जीना मुहाल हो गया था तथा विद्यालय व अन्य राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। परेशानियों को देख महासंघ इकाई के सदस्यों ने जेसीबी की सहायता से कचड़ा साफ कराया। जिससे आवागमन सुलभ हो गई है। नाली के पानी सड़क पर बहाव की शिकायत जनप्रतिनिधियों से भी की गई थी मगर सफाई का कार्य नहीं हो सका। परेशानियों को देखते हुए संघ के लोगों ने निजी खर्च सफाई करवाने का कार्य किया। मौके पर अर्जुन राम, विकास कुमार, कामेश्वर राम, देवेंद्र राम, पूरनचंद कुमार, विकेश कुमार, उदित राम, विपिन कुमार, सोनू कुमार, संजीत कुमार, रवि कुमार, अनिल विश्वकर्मा, प्रदीप राम, दीपक कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अवैध खनिज परिवहन रोकने को सीओ ने चलाया जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को सीओ बासुदेव राय ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के साथ खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर एनएच 98 पर बने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के क्रम में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों के चालकों से माइनिंग चालान की सघनता से जांच की गई। सीओ ने बताया कि उपायुक्त का सख्त निर्देश है कि किसी भी हाल में बिना माइनिंग चालान के खनिज का परिवहन न हो। इसी आलोक में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों का माइनिंग चालान की सघनता से जांच की जा रही है।वहीं सीओ ने बताया कि जांच अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा। मौके पर एसआई शिवशंकर उरांव सहित कई पुलिस बल उपस्थित थे।

### नौडीहा बहेरा मंदिर प्रांगण के शतचंडी यज्ञ में बोलीं भाजपा नेत्री लवली गुप्ता

# शक्ति का स्त्रोत है शतचंडी यज्ञ

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**धार्मिक कार्यों में सहयोग से खुशी मिलती है : सूरज-** मंदिर में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमा स्थानीय पुलिस जवान सूरज ठाकुर के द्वारा दिया गया। श्री ठाकुर ने कहा की मुझे इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में सहयोग करने से काफी खुशी मिलती है सभी को धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर सहयोग करना चाहिए।

**पांकी पलामू।** भाजपा नेत्री, पांकी पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा महिला मोर्चा प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि जहां यज्ञ होता है वहां का संपूर्ण वातावरण पवित्र और देवमय बन जाता है। वे पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम नौडीहा बहेरा मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय शतचंडी यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि यज्ञ में वैदिक मंत्रोचार से पूरा माहौल भक्ति में डूब चुका है। यज्ञवेदी में स्वाहा कहकर हवन करने से देवी देवता प्रसन्न होते हैं साथ ही ऐसी मान्यता है की यज्ञ में हवन के दौरान जो धुआं निकलता है उससे वातावरण प्रदूषण मुक्त हो जाता है जिससे मनुष्य निरोग होता है।भारत ऋषि मुनियों का देश रहा है। मां दुर्गा को शक्ति की देवी कहा जाता है। श्री दुर्गा जी का एक नाम चंडी भी है। सौ चंडी पाठ अर्थात सौ बार एक साथ दुर्गा सप्तशती पाठ पढ़ने के बाद यज्ञ, तर्पण, मार्जन करना है। चंडी पाठ को शक्ति का स्त्रोत कहा गया है और शक्ति किसी विशेष कर्म को क्रियान्वित करने का मूल आधार है। मौके पर यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता सचिव अमरनाथ मिश्रा कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा बलिंदर सिंह, उप सचिव राम प्रसाद साहू, संयोजक उमाशंकर सिंह, मुख्य संरक्षक संतोष कुमार गुप्ता उप संरक्षक बाल्मीकि सिंह महामंत्री संतोष कुमार सिंह उप महामंत्री शिव साव, उदय गुप्ता, अनिल दुबे, रवींद्र गुप्ता अमित गुप्ता, गोपाल सिंह सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मनातू: स्थायीकरण की मांग को लेकर पांचवें दिन भी हड़ताल पर रही सहियाएं

➲ 10 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर बैठी हैं प्रखंड क्षेत्र की सहियाएं

➲ पलामू डीडीसी रवि आनंद को मांग पत्र सौंपने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना-प्रदर्शन के दौरान मनातू प्रखंड क्षेत्र की महिलाएं।

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के सैकड़ों सहिया ने अपने नजदीकी मनातू स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सरकार से अपनी 10 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर बैठी है। सहियाओं ने पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया है।

मौके पर मनातू प्रखंड के सहिया अध्यक्ष ने बताया कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक वह हड़ताल पर बैठी रहेंगी क्योंकि इतने कम वेतन में हमारे बच्चों की पढ़ाई हमारे घर का खर्च पूरा नहीं हो पाता। जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक हम हड़ताल पर ही बैठे रहेंगे। पिछले 5 दिनों से लगातार हड़ताल पर बैठी है स्वास्थ्य सहियाएं। लेकिन इसकी चिंता सरकार व प्रशासन को नहीं है। सहियाएं अपनी मांगों को पूरा कराने पर अड़ी है।

स्पीड न्यूज

## फाइलेरिया को ले दिया गया प्रशिक्षण



भंडरा । समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आंगनवाड़ी सेविका को एमडीए को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। एमपीडब्ल्यू रामकुमार महतो ने आंगनवाड़ी सेविका को बताया कि 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया से बचाव को लेकर घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलानी है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फाइलेरिया, दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। किसी भी आयु वर्ग में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुँचाता है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने कहा कि फाइलेरिया रोग से ग्रस्त को मुक्त करने के लिए एक साथ मिशन मोड में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक दवा सेवन एवं फाइलेरिया एवं कालाजार रोग के सम्बन्ध में ऑडियो-विजुअल के माध्यम से दिए गए संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

## भंडरा मवि में गुरुगोष्ठी आयोजित



भंडरा । मध्य विद्यालय भंडरा में शनिवार को प्रखंड के सभी विद्यालयों के सचिव सह प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुगोष्ठी हुई। बीईईओ जयनाथ महतो ने सभी शिक्षकों से विभागीय एजेंडा बताते हुए निर्देश के आलोक में सभी प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय में विद्यालय संचालन करने का निर्देश दिया। जिन एजेंडे पर आज की गुरु गोष्ठी आयोजित की गयी उनमें से छात्रवृत्ति हेतु नया खाता खोलने एवं साइकिल प्री रसीद पर दर तक चर्चा किया गया। इसके अलावा छात्रों से पुस्तकालय के उपयोग कराने,शिशु पंजी संधारण संधारण,सभी भाऊचार पोर्टल पर अपलोड करने, यू डायस आकड़ा मिलान करने ,संशोधित आकलन प्रतिवेदन, जर्जर भवन तथा भवन को ध्वस्त होने का प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से उपयोगिता तथा विहित प्रपत्र, वायरिंग उपयोगिता आदि कई अन्य विषयों पर आकलन करने उपरांत विद्यालय में मध्याह्न भोजन प्रतिदिन चलाने का निर्देश दिया । इस मौके पर बीपीओ राम विजय खालखो, निशांत कुमार,महेश प्रसाद, राजेश कुमार,मनीष उरांव,सरोज उरांव सहित सभी प्रधानाध्यापक मौजूद थे ।

## छात्राओं कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



लोहरदगा। गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय कुडु की छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस क्रम विद्यालय की व्यावसायिक प्रशिक्षक डौली वर्मा के नेतृत्व में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की छात्राओं को कुडु स्थित हॉस्पिटल आयुष्मान का भ्रमण कराया गया। छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना करते हुए विद्यालय के प्रभारी रमेश कुमार साहु ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से आत्मविश्वास बढ़ता है। छात्राओं को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि आत्मनिर्भर बनने से उनका भविष्य संवरेगा। लगन के साथ काम करने से मंजिल जरूर मिलेगी। छात्राएं जागरूक होकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकते हैं ।शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को अस्पताल के कार्यप्रणाली एवं इसमें उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। छात्राओं को शल्य चिकित्सा विभाग, प्रसूति विभाग, एक्सरे विभाग आदि दिखाया गया। साथ ही इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका निशा नाग, डॉली वर्मा, डा चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## जनवितरण संचालकों के साथ की बैठक

कैरो। प्रखंड कार्यालय में शनिवार को प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनिल कुंवर ने जनवितरण संचालको के साथ किया समीक्षा बैठक। जिसमें मुख्य रूप से सभी संचालको को समय पर दुकान खोलने, अनाज का वितरण करने सहित कई आवस्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जनवितरण संचालको ने भी अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसपर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीएसओ ने कहा कि किसी भी हाल में कार्डधारकों को अनाज लेने में परेशानी न हो इस बात का धेयान रखा जाना चाहिए। मौके पर सोमनाथ महली, नाशिर आलम, जीतू हजाम, सईद सहित जनवितरण संचालक मौजूद थे।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं समीक्षा



कैरो। प्रखंड सभागार में शनिवार को बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पंचायत वार प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, जॉब कार्ड, कूप निर्माण, खेल मैदान सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 में स्वीकृत योजनाओं को मार्च तक हर स्थिति में पूर्ण करने, मनरेगा जॉब कार्ड में कार्डधारकों का आधार सीडिंग करने, सिंचाई कूप निर्माण व सेड निर्माण को बरसात के पूर्व पुरला करने व जिन पंचायत में खेल मैदान निर्माण कार्य में लगे मजदूरों का मजदूरी भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों की हर समस्या व आवस्यकता की पूर्ति के लिए ही हम प्रखंड कर्मियों को रखा गया है और इसमें किसी तरह : की लापरवाही बर्दाश्त नही की जा सकती है, समय रहते योजनाओं को पूर्ण करने और आवस्यकतानुसार नए योजनाओं का प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

## लोहरदगा में लगा टीएलएम मेला

लोहरदगा ।जेसीईआरटी के निर्देशानुसार डायट, चिरी में टीएलएम मेला लगा। उक्त मेला में गणित, भाषा, पर्यावरण/विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय पर विभिन्न विद्यालयों के द्वारा मॉडल प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने कहा कि शिक्षा में क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी ने पूरा परिदृश्य बदल दिया है। बच्चों को टीएलएम के माध्यम से शिक्षाप्रद, आनंदरायी एवं नवाचार युक्त शिक्षा प्रदान आवश्यक है। अनुमडल शिक्षा पदाधिकारी ने ने शिक्षकों को टीएलएम का उपयोग के प्रति प्रेरित किया। टीएलएम में नवाचार के प्रति जागरूक भी किया।

# पार्टी के कार्यकर्ता देव तुल्य

### अर्जुन की भांति कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को टारगेट करें: गंगोत्री कुजूर

**नागफेनी में गुमला भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर व अन्य।

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला की कार्यसमिति बैठक जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को नागफेनी जगन्नाथ मंदिर के सामने आम बगीचा में हुई। अतिथियों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर व सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर,जिला प्रभारी बबन गुप्ता, पूर्व स्पीकर डॉक्टर दिनेश उरांव, जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू उपस्थित थे।

प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और पार्टी के कार्यकर्ता देव तुल्य हैं। अर्जुन की भांति भाजपा कार्यकर्ता आगामी 2024 लोकसभा चुनाव पर टारगेट करें। अप्रैल माह में प्रधानमंत्री मोदी के 100 वें मन की बात में हर एक बूथ पर 100 कार्यकर्ता उपस्थित हों। इसे जिला टीम सुनिश्चित करें । स्वागत भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का 3 साल का कार्यकाल को जनता झेल रही है। हेमंत सोरेन सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। वसूली का खेल हर एक तरफ चल रहा है। अधिकारियों को जनता के कामों से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। पूरा जिला भ्रष्टाचार से जकड़ा हुआ है। अफसर जिले को लूटकर करोड़पति बन रहे हैं और गरीब जनता पलायन करने पर मजबूर हैं। जिले के सभी मंडल की टीम को पूरी तरह मजबूत करना है सरल पोर्टल के माध्यम से जुड़कर गुमला जिला के टीम को और अधिक सशक्त बनाना है। जिला प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि हर एक 3 महीने में जिला कार्य समिति का बैठक कर पार्टी के कार्यक्रमों का मूल्यांकन करना है। जिले में 964 बूथों पर कमेटी सूचारू रूप से सशक्त करना है। भाजपा संगठन महाविस्तार अभियान के तहत सभी कार्यकताओं को जुड़ना है, पार्टी के प्रमुख कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से सभी भाजपा कार्यकर्ता को शामिल होना है। पार्टी द्वारा निर्देशित आगामी सभी कार्यक्रमों में गुमला जिला के कार्यकर्ता अपना बहुमूल्य योगदान सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता भूपन साहू,सत्यनारायण पटेल, भिखारी भगत, आशेष बारला,निर्मल गोयल, राधेश्याम कुशवाहा, विनय लाल, निरंजन सिंह,सतवंती देवी, किरण माला बाड़ा, अशोक उरांव,तेम्बू उरांव, केदार साहू, शिवसागर राम, विष्णु भगत, नेसार खान, संतोष कुमार पंडा ,अशोक कुमार केसरी, पारसनाथ कुमार, भैरव सिंह खेरवार, इंद्रदेव साहू, इंदु देवी, सतवंती देवी, सोनामनी देवी, अमरमणि उरांव, छोटेलाल उरांव,लक्ष्मी विश्वकर्मा ,सुमित कुमार महली, राजदेव साहू, लक्ष्मी नारायण यादव ,श्याम किशोर पाठक, यशवंत कुमार सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, संजय वर्मा, सुशील गोस्वामी, सतीश कुमार भगत, प्रेम कुमार सिंह,अनिरुद्ध चौधरी, विजय प्रसाद केसरी, पवन कुमार केशरी,हरि नारायण महतो, बालमोहन कुमार साहू, योगेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, लखन प्रसाद सिंह, मनोहर राय,विजय सिंह पिंटू, विनोद भगत ,अमर पांडे,हफीन्दर सिंह, हरिशंकर त्रिपाठी, सुजीत नंदा, संजय कुमार साहु,पप्पू गुप्ता, राधेश्याम यादव , श्याम साहू, लाल साहू, प्रदीप प्रसाद, मंगल सिंह भोक्ता, दिनेश उरांव, गोपाल गोप, गोपाल प्रसाद केशरी,अरविंद सिंह ,प्रमोद कुमार गुप्ता ,सुरेश महतो, दिलीप बड़ाईक, गौतम सिंह, शत्रुधन सिंह, मनोहर बड़ाइक,नीरज शर्मा, नितेश कुमार गुप्ता, कंचन सिंह, विकास कुमार सिंह, संदीप सिंह ,गायत्री देवी, प्रतिमा देवी ,सनोज वर्मा, मनोज तिवारी, संतोष कुमार देवघरिया, संतोष कुमार सिंह,अरविंद मिश्रा देवदत्त भारती ,खुशमन नायक, दिनेश्वर प्रसाद,रविंद्र कुमार सिंह, नीलकंठ केसरी, अशोक कुमार भगत, प्रदीप कुमार केशरी,सत्यनारायण भगत, नीतीश कुमार बड़ाईक आदि उपस्थित थे ।

# गुमला जिले में 10 नए पीएचसी व 41 एचएससी सेंटर बनेगा : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 2023-24 के कार्य योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य की सुविधा दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिले में 10 नए पीएचसी( प्राइमरी हेल्थ सेंटर) सेंटर का निर्माण किया जाना है। जिले के कुरूमगढ़, टूडूरमा, जैरागी , जुरा, दुरिया, कुर्गी, बिलिंगबेरा, जोरी, कोटम एवं फोरी में पीएचसी सेंटर का निर्माण करने हेतु उपायुक्त द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं जिले में पुराने बने हुए एचएससी( हेल्थ स्क्रीनिंग सेंटर) सेंटर की जर्जर अवस्था को देखते हुए 41 एचएससी सेंटर का पुनः निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उपायुक्त द्वारा बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। इन सभी पीएचसी एवं एचएससी सेंटरों में सभी प्राथमिक उपचार की सुविधा , डॉक्टर के रहने की सुविधा आदि उपलब्ध कराए जाएंगे । उपायुक्त ने हेल्थ फेलो की भी नियुक्ति करने की बात कही। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 13 एवं वार्ड नंबर 16 में पीएचसी सेंटर के निर्माण एवं संचालन करने हेतु नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने कहा की शहरी क्षेत्र में इन पीएचसी सेंटर में अच्छी इलाज की व्यवस्था हो। जिसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में अन्य कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष , उप विकास आयुक्त ,सिविल सर्जन , नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी , डीपीएम स्वास्थ्य के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रसव की मरीज इलाज के दौरान गायब, प्राथमिकी

**लोहरदगा ।** सदर अस्पताल में लगातार मरीजों को इलाज के दौरान निजी अस्पताल के एजेंटो द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। प्रसव के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती हुई एक महिला के लापता होने के बाद सदर अस्पताल में 2 फरवरी को जमकर हंगामा हुआ। महिला के लापता होने को लेकर महिला के स्वजनों ने बवाल किया। जिसके बाद सदर अस्पताल में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। सिविल सर्जन डा. संजय कुमार सुबोध द्वारा मामले को लेकर सदर थाने में महिला के लापता होने से संबंधित सनहा दर्ज कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने कहा कि सिविल सर्जन द्वारा मरीज के लापता होने का मामला दर्ज कराया गया है। कुडू थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव की रहने वाली सेहरा खातून पति नवाब खान को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए भर्ती हुई थी।

## ठेकेदार मजदूरों का कर रहा शोषण :आलोक साहू



**कुडू।** रोचो छापर टोली के ग्रामीणों की शिकायत पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू सहयोगियों के साथ रोचो छापर टोली पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए । ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि रोचो छापर टोली से किसको प्रखंड के ग्राम नीनी जाने वाले पथ में पुल का निर्माण हो रहा है इस पूल में यहां के ग्रामीण काम कर रहे हैं ।संवेदक के द्वारा पुरुष मजदूर को 220 रुपये तथा महिला मजदूर को 200 रुपये दिया जा रहा है जबकि सरकारी दर ज्यादा है मजदूरों ने सरकारी दर से मजदूरी का भुगतान कराने की मांग किए। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार लगभग 15 दिनों से अवैध रूप से बिजली पोल से तार खींचकर अपना काम कर रहा है ।यहां 25 केवी का ट्रांसफार्मर है जो कभी भी जल्द सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासियों का यहां जो मसना है वहां ठेकेदार समान गिरा दिया है जिससे आदिवासियों की धार्मिक स्थल की पवित्रता खराब हो रहा है। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि सरकारी मजदूरी दर 326रुपये है जबकि संवेदक द्वारा मजदूरों को मात्र 220 रुपये एवं 200रुपये दिया जा रहा है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगा।

## इंग्लिश ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**छात्रा ताशा झा ने स्कूल रैंक 1, जोनल रैंक 11 व हर्षित अग्रवाल ने स्कूल रैंक 1 एवं जोनल रन 17**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस ओलंपियाड में कक्षा नवम की छात्रा ताशा झा ने स्कूल रैंक 1 तथा जोनल रैंक 11 प्राप्त किया है। वहीं हर्षित अग्रवाल ने स्कूल रैंक 1 एवं जोनल रन 17 प्राप्त किया है। उन्हें साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की तरफ से जोनल मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन तथा सर्टिफि केट ऑफ डिस्टिंक्शन प्रदान किया गया है। कक्षा अष्टम के नील मिश्रा ने स्कूल रैंक 1,कक्षा नवम के सूर्यांशु चौधरी ने स्कूल रैंक 2 एवं कक्षा दशम की स्वीटी कुमारी ने स्कूल रैंक 2 प्राप्त किया है। उन्हें गोल्ड मेडल ऑफ एक्सिलेंस प्रदान किया गया है। ताशा, हर्षित एवं स्वीटी इंटरनेशनल टॉप 100 रैंक होल्डर भी हैं। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने आज वंदना स्थल पर सभी को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पिछले सत्र के सीसीए पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.पुरस्कारों की घोषणा श्रीमती संजुक्ता खटुआ ने की।

## खेल को सीखने का करें प्रयास: एसडीओ



रायडीह। जय किसान प्लस टू उच्च विद्यालय मांझाटोली में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओ रवि जैन ने विद्यालय झंडा का ध्वजारोहण कर व मशाल जलाकर किया। वहीं कार्यकम में विद्यालय के बच्चों के लिए कई प्रतिस्पर्द्धाएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गांधी हाउस 250 अंक लाकर प्रथम स्थान पर, सुबास हाउस 204 अंक लाकर दूसरे स्थान पर एवं पटेल हाउस 202 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहा। वहीं नेहरु दल 192 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहा। मौके पर एसडीओ रवि कुमार जैन ने कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन के लिए ना खेला बल्कि खेल से कुछ सीखना का प्रयास करें।

# घोर नक्सल प्रभावित कुकरुंजा गांव पहुंचे एसपी

**सामुदायिक पुलिसिंग के तहत साड़ी, कम्बल, धोती, बच्चों के लिए स्कूल बैग एवं नवयुवकों के लिए फुटबाल किट का वितरण किया**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिब ने शनिवार को कुरूमगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित गांव कुकरंजा का दौरा किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या जानी। इस क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिस कारण नक्सल गतिविधि का पता नहीं चल पाता था और ग्रामीणों को भी असुविधा होती थी। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के प्रयास से ग्राम कुकरुंजा में मोबाइल टावर लगाया जा रहा है जो लगभग एक माह में कार्य करना शुरू कर देगी। पुलिस अधीक्षक ने मोबाईल टॉवर का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश भी दिया। वहीं दौरे के क्रम में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत साड़ी, कम्बल, धोती, बच्चों के लिए स्कूल बैग एवं नवयुवकों के लिए फुटबाल किट का वितरण किया। साथ ही उनसे विकास में बाधक बन रहे असामाजिक तत्व के विरुद्ध आवाज उठाने की अपील की और कानून तोड़ने वालों खास कर के नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस को सूचना देने की अपील की। ग्राम वासियों द्वारा भी उत्साह दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं डायन बिसाही, ओझा गुणी, दारू मदिरा से दूर रहने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के अलावे पुलिस उपाधीक्षक आभियान मनीष कुमार , सीआरपीएफ के एसिस्टेंट कमांडेंट सुमित संजय सोरेन, पुलिस निरीक्षक चैनपुर बैजू उरांव, थाना प्रभारी कुरुमगढ नीतीश कुमार के अतिरुक्त सर्जेंट मेजर प्रणव कुमार, आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## चैनपुर में धड़ल्ले से हो रहा अवैध पत्थर खनन



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड में अवैध पत्थर उत्खन्न का काम जोर शोर से चल रहा है। तस्कर बेखौफ होकर जंगलो से पत्थर तुड़वा कर ट्रैक्टर से ले जा रहे हैं। मनरेगा योजनाओ में तथा सड़क निर्माण कार्य में इन अवैध उत्खन्न किये गये पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो इसमें वन विभाग के कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं। ऐसे कर्मचारी किसी भी वरीय पदाधिकारी के क्षेत्र में भ्रमण की जानकारी होने पर पत्थर के अवैध उत्खन्न में लगे लोगों को उसकी सूचना दे देते है। जिसके एवज में वे हर माह ट्रैक्टर मालिकों से वसूली करते हैं। ताजा मामला चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत के भठौली गांव में स्थित एक पहाड़ का है। पिछले कई सालों से अवैध खनन का कार्य चल रहा है पर इसमें प्रशासन की कोई नजर है और न ही वन विभाग इस पर कोई कार्रवाई कर पायी है। ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ बहुत पहले से पत्थर की तुड़ाई हो रही है और इसको तोड़ने के लिए बारूद का भी इस्तेमाल होता है। लेकिन अभी तक प्रशासन या वन विभाग रोक नहीं लगाया है

## जारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**गुमला।** जारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जारी प्रखंड प्रभारी मोहम्मद खालिद उपस्थित हुए। बैठक में मंडल कमेटी की समीक्षा एवं मंडल प्रभारी का चयन किया। साथ ही पंचायत कमेटी की बैठक कर पंचायत प्रभारी की नियुक्ति प्की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी मोहम्मद फिरोज आलम, मोहम्मद कलाम , पालकोट प्रखंड प्रभारी के अलावे हरमन लकड़ा, तेलेस्फोर टोप्पो, बेजामीन , अलबनी, अजीत , राजेश, थोमस, पुष्पा लकड़ा, निरंजन, निर्दोष, जहर उल अंसारी, युसूफ खान, अमित कुजुर ,आदि उपस्थित थे ।

## घाघरा : 12 वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**घाघरा।** टाना भगत इंटर महाविद्यालय घाघरा में 12 वीं के छात्रों को दी गई विदाई। स्कूल के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्राचार्य विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर उच्च शिक्षा ग्रहण करें। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। यहां के बाद अपने भविष्य को संवारने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए खूब लगन मेहनत करें ताकि अपने आप को सशक्त समृद्ध बना सके। इस अवसर पर शिक्षक विजय भगत, अशोक तिवारी, अनूप शर्मा, संगीता तिवारी, बाबू नाथ भगत, भिखम प्रजापति, मालती भगत, छात्र सरोज, मनीषा, प्रतिमा, विनय, पवन, रोशन, अमीर सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## नागफेनी तट पर वनभोज सह सम्मेलन आज

गुमला। गुमला जिला उरांव सरना कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह रविवार को नागफेनी नदी तट पर होगा। जिसमें उरांव समाज के लोग भारी संख्या में शामिल होंगे। यह जानकारी दीपनारायण उरांव ने दी है।

## बीडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण



डुमरी। जैरागी पंचायत के नौहट्टा नव प्राथमिक विद्यालय का शनिवार को बीडीओ एकता वर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पता चला कि स्कूल में पिछले तीन वर्षों से नामांकन शून्य है। विभाग की ओर से सर्वेक्षण कर इस विद्यालय को निकटतम विद्यालय में मर्ज करने हेतु निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया कि गांव के 55 बच्चे लगभग 4 किलोमीटर दूर मिशन स्कूल जाते हैं। जिसे बच्चों को काफी परेशानी होती है। अभिभावकों से बातचीत कर स्कूल को दोबारा शुरू करने हेतु लिखित सहमति पत्र लेने का निर्णय लिया गया।

## गुमला जिले से दो सौ लोग गये रोहतासगढ़

गुमला। वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के तत्वावधान में माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले से तीन बस एवं 4 बोलेरो गाड़ी से लगभग 200 लोग रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। मान्यता है कि रोहतासगढ़ जनजाति समाज के लोगों का प्रसिद्ध तीर्थ धाम एवम ऐतिहासिक धरोहर है। विगत 20 वर्षों से अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अथक प्रयासों से सोलवां तीर्थ यात्रा भली-भांति संपन्न हो चुका है तथा सत्रहवां तीर्थ यात्रा में भाग लेने के लिए गुमला सहित पूरे झारखंड से हजारों की संख्या में लोग तीर्थ यात्रा में भाग ले रहे है। गुमला जिले के तीर्थ यात्रियों के साथ मूली पड़हा गुमला के बेल राज बेल उरांव, दीवान राजू उरांव, वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के ग्राम विकास प्रमुख अंगनू उरांव, संच प्रमुख बिरजू नगेसिया, असनी पंचायत की मुखिया गौरी उरांव,कोब्जा पंचायत के पूर्व मुखिया बिशु खड़िया, श्रीमती गीता उरांव,आदि लोग साथ में है। यात्रियों को वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के जिला संगठन मंत्री खेदु नायक एवं जनजाति हित रक्षा सह संयोजिका श्रीमती सोना मनी उरांव ने नवीन पेट्रोल पंप लोहरदगा रोड गुमला से रवाना किया।

## बस स्टैंड परिसर में चला स्वच्छता अभियान



गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार की सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ललित उरांव बस पड़ाव परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर परिषद की टीम द्वारा चलाए गए इस सफाई अभियान के क्रम में यत्र तत्र फैली पायी गयी स्क्रैप सामग्री को भी जब्त कर लिया गया। दुकानदारों और ठेला खोमचे वालों से डस्टबिन रखने की अपील की गई। नगर परिषद के दर्जनों स्वच्छता कर्मियों ने 3 घंटे की मुहिम में पूरे बस पड़ाव परिसर को साफ सुथरा कर दिया। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बस स्टैंड परिसर में बनाए गए मार्केट कंपलेक्स के प्रथम तल पर नगर परिषद का कैंप कार्यालय खोलने का निर्देश दिया। उक्त कैंप कार्यालय में एक कर दरोगा, एक जमादार तथा एक होमगार्ड के जवान को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस कैंप कार्यालय में एक ओर बस संचालकों, स्थानीय दुकानदारों व यात्रियों की शिकायत व सुझावों को प्राप्त किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर बस पड़ाव के दैनंदिन प्रबंधन में निकट से पर्यवेक्षण किया जाएगा। इतना ही नहीं इस कैंप कार्यालय में आकर बस पड़ाव के किराएदार दुकानदार तथा टिकट काउंटर आबंटी अपना मासिक किराया भी जमा कर सकेंगे। नगर परिषद उड़नदस्ता दल के सदस्यों तथा होमगार्ड के जवानों ने बस पड़ाव के एक कोने में हड़िया बेच रहे आधा दर्जन लोगों को दौड़ा कर उनका समान जब्त कर लिया तथा जब्त सामान को बर्तनों सहित नष्ट कर दिया। इस दौरान खुले में लघुशंका करने वाले कई लोगों पर अर्थदंड भी लगाया गया। बस स्टैंड में आधा दर्जन बसें लंबे समय से खराब खड़ी हैं। जिनसे बस स्टैंड में अनावश्यक बड़ी जगह घिर जा रही है। इन सभी बस मालिकों को एक सप्ताह का समय दिया गया है। एक सप्ताह के अंदर नहीं हटाने की स्थिति में नगर परिषद का उड़नदस्ता दल इन सभी बसों को जब्त कर लेगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बस पड़ाव में न केवल नगर परिषद द्वारा आवंटित दुकानों के किरायेदारों ने बल्कि कई अवैध दुकान मालिकों परिसर में अतिक्रमण किया हुआ है। इन सब के विरुद्ध अगले सप्ताह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अपने किरायेदार दुकानदारों से भी अपील की है कि वे निर्धारित दुकान से बाहर किए गए अतिक्रमण वाले हिस्से से स्वयं पीछे हट जाएं अन्यथा वे भी कार्रवाई की जद में आएंगे।

## स्पीड न्यूज

### 50 गरीब कन्याओं की शादी करायेगा वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट

**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट 50 गरीब एवं असहाय कन्याओं की नि:शुल्क सामूहिक विवाह करायेगा। डेंटल कॉलेज परिसर में 24 फरवरी को परमपूज्य अघोरेश्वर भगवन राम नि:शुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 50 गरीब तथा असहाय वर वधुओं का सामूहिक विवाह पूरे रिति रिवाज से कराया जायेगा। इसके लिए वर वधुओं का चयन कर आवश्यक जांच कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पांच फरवरी को प्रात: 11 बजे उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, सीआरपीएफ कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह तथा विवाह समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। जिसमें वर-वधुओं को विवाह में पहने जाने वाले वस्त्र, आमंत्रण पत्र, वाहन पास, नियमावली आदि दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बहुद्देशीय कक्ष में दिया जायेगा। इस विवाह में वर तथा वधु पक्ष की ओर से 25-25 बाराती तथा सराती को आने का निमंत्रण पत्र दिया जायेगा। विवाहित जोड़ो को नए जीवन प्रारंभ करने में जो भी आवश्यक सामानों की आवष्यकता है उसे विवाह समिति की ओर से विवाह में उपहार स्वरुप 50 हजार रुपए का सामान वर-वधुओं को दिया जायेगा।

### डीसी ने जानवरों के वैक्सीनेशन और टैगिंग को लेकर की बैठक



**गढ़वा।** डीसी रमेश घोलप ने समाहरणालय के सभाकक्ष में शनिवार को जिले भर में जानवरों के वैक्सीनेशन एवं टैगिंग को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में डीसी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी से अब तक हुए जानवरों के वैक्सीनेशन एवं टैगिंग से संबंधित जानकारी लिया। डीसी ने वर्तमान में हुए कम वैक्सीनेशन एवं टैगिंग को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए 15 फरवरी तक वैक्सीनेशन एवं टैगिंग कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य भर में अब तक हुए एवरेज वैक्सीनेशन एवं टैगिंग के दर पर जिले के भी जानवरों यथा गाय, भैंस एवं चार माह से उपर के बछड़ा का वैक्सीनेशन एवं टैगिंग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्य में सहयोग के लिए एसएचजी की दीदियों को भी ट्रेनिंग देने को का निर्देश दिया। जिससे जानवरों के वैक्सीनेशन एवं टैगिंग कार्य में तेजी लाई जा सके। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार राय, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सनत कुमार पंडित सहित विभिन्न प्रखंडों के पशु चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजयुमो व गोवावल मंडल की बैठक



**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा ग्रामीण एवं गोवावल मंडल की संयुक्त बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो जाए। वर्तमान की झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार मुक्त करने का काम किया है। गलत नियोजन नीति बनाकर झारखंड वासियों को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए गांव शहर हर क्षेत्र में युवाओं को संगठन से जोड़कर कर संगठित करने का काम करेंगे। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह विधानसभा प्रवासी प्रभारी मुकेश चैबे, भाजयुमो जिला महामंत्री सह विधानसभा संयोजक विकास तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो गोवावल मंडल महामंत्री अनित तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन विपिन तिवारी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से संजय जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, विकास शर्मा, प्रिंस तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, सुमित तिवारी, ब्रजेश कुमार, प्रशांत चैधरी, अरविंद प्रजापति, सुधीर कुशवाहा, आशीष तिवारी, रविरंजन गुप्ता, शुभम कुमार, राहुल शर्मा, विवेक ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

### रेफरल अस्पताल में लगा विशेष कैंप



**मझिआंव।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रेफरल अस्पताल परिसर में विशेष कैंप का उद्घाटन रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ एवं डॉ कविता कुमारी ने किया। प्रभारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि केंद्र सरकार के आव्हान पर प्रत्येक वर्ष चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाने की तिथि मुकर्रर की गई है। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश अपने देश से समूल रुप से कैंसर नामक बीमारी को नष्ट करना है। जिसके आलोक में रेफरल अस्पताल परिसर में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह विशेष कैंप अनवरत एक सप्ताह तक चलाया जाएगा। इस कैंप में प्रखंड क्षेत्र से आए मरीजों का कैंसर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के द्वारा ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर आदि की जांच की जाएगी। उसके पश्चात विभिन्न प्रकार के कैंसर से संबंधित मरीजों को चिन्हित कर सूची जिला में भेजी जाएगी।

### फेयर प्राइस शॉप डीलर्स की बैठक

कोडरमा। ध्वजाफरी आश्रम परिसर में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल व संचालन बासदेव पांडय ने की। वहीं श्री गुतुल ने 1 फरवरी को प्रदेश में बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष विशंभर नाथ बसु एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा के आहवाहन पर राष्ट्रव्यापी तीन दिवसीय बंदी एवं धरना को सफल बनाना है। बैठक का मुख्य मुद्दा भारत सरकार की नीतियों और जन वितरण विक्रेताओं के लंबित मांगों पर लगातार टालमटोल करते रहने के कारण 7 फरवरी से 9 फरवरी तक 72 घंटे का राष्ट्रव्यापी बंदी और ई-पोस मशीन का संचालन बंद रखने का निर्णय लिया गया। बंदी के मुद्दे पर सभी लोगों ने अपना-अपना राय और विचार दिया, ताकि बंदी पूर्णता सफल हो।

# इटखोरी महोत्सव में आयेंगे कई नामी कलाकार

**तीन दिवसीय राजकीय महोत्सव के सफल बनाने को ले डीसी ने की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार 19, 20 एवं 21 फरवरी को तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारी, मंदिर प्रबंधन समिति एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें महोत्सव की तैयारी और रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई। डीसी ने अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों से भद्रकाली मंदिर परिसर और महोत्सव स्थल पर हो रही तैयारी का जायजा लिया। बैठक के दौरान अधिकारियों तथा महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस बार भी राजकीय इटखोरी महोत्सव को पूरे धूमधाम के साथ मनाना है। खासकर इटखोरी वासियों को तन मन से सहयोग करना है। ताकि महोत्सव का आयोजन पूरी तरह सफल रहे।बैठक में पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं मंदिर प्रबंधन समिति व आयोजन समिति उपस्थित थे। बॉलीवुड गायक शब्बीर कुमार और इंडियन आइडल फाइनलिस्ट पूजा चटर्जी, मैथिली ठाकुर और रोहन देव पाठक के सुरों से राजकीय इटखोरी महोत्सव की महफिल सजेगी। उपायुक्त अबु इमरान ने बताया कि इस वर्ष भी इटखोरी महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के अलावा बालीवुड के मशहूर सिंगर को बुलाया जा रहा है।

**महोत्सव में बॉलीवुड गायक शब्बीर कुमार और पूजा चटर्जी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे**





जिसमें मशहूर गायक शब्बीर कुमार, प्रसिद्ध गजल गायिका राधिका चोपड़ा, बिहार की मशहूर लोक गायिका मैथिली ठाकुर, पूजा चटर्जी, सत्या ठाकुर तथा रोहन देव पाठक का नाम मुख्य रूप से शामिल है। इन कलाकारों के अलावा झारखंड के मुकुंद नायक ग्रुप के कलाकार भी महोत्सव के मंच पर झारखंडी रंग बिखेरेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय पटल पर ईटखोरी का पुरातात्विक महत्व विषय पर सेमिनार भी होगा।

# गढ़वा में जर्जर सड़कों का होगा कायाकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण तीन सड़कों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इन सड़कों में मेराल प्रखंड के हसनदाग से कजराठ तक 2.78 किमी, एनएच 75 मेराल से सरस्वती नदी श्मशान घाट, भाया मेराल पुरानी बाजार तक करीब 1.66 किमी तथा गढ़वा, चिनिया पथ से भुइयां टोला तक 2.11 किलोमीटर सड़क का विशेष मरम्मती कार्य कराया जाएगा। करीब साढ़े छह किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य पांच करोड़, 18 लाख, 14 हजार 900 रुपए की लागत से किया जाएगा।

गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही बहुत जल्द निविदा की कार्रवाई पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि उक्त तीनों सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। आवागमन में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान लगातार उक्त क्षेत्र के ग्रामीण सड़क मरम्मत की मांग कर रहे थे। मंत्री ने ग्रामीणों को शीघ्र ही सड़कों की मरम्मती कराने का आश्वासन दिया था। जो अब पूरा हो गया है। सरकार से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही फरवरी माह में ही निविदा की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कई सड़क काफी जर्जर स्थिति में हैं। प्राथमिकता के आधार पर सभी खस्ताहाल सड़कों की सूची तैयार कर उनकी विशेष मरम्मत कराई जा रही है। बहुत जल्द ही सभी सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाएगा। ताकि लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के सभी जर्जर सड़कों का कायाकल्प होगा। प्रत्येक गांव में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कई कड़क वर्षों पूर्व बन चुके हैं लेकिन आज तक उनकी मरम्मती नहीं हो सकी। जिस कारण लोगों को बरसात के मौसम में बहुत ज्यादा परेशानी झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के सभी गांवों को सड़क एवं पुल, पुलिया से जोड़ने का कार्य काफी तेज गति किया जा रहा है।

**पांच करोड़ से अधिक की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण : मिथिलेश ठाकुर**



### एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद में संचालित सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त अप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। 26 जनवरी को जिन छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, उनके लिये यह आयोजन किया गया था। विद्यालय के डायरेक्टर सह प्रिंसिपल मुंशी यादव ने कहा कि हर इंसान के पास प्रतिभा अवश्य होती है, बस उसे निखारने की आवश्यकता है। शिक्षक तो ज्ञान देते हैं, बच्चों को चलना, बोलना, पढ़ना, लिखना, सिखाते हैं, सीखना तो बच्चों को पड़ता है। यदि आप सभी छात्र छात्राएं कड़ी मेहनत करे, तो किसी भी ऊंची से ऊंची मुकाम को भी हासिल कर सकते हैं। वहं बेहतरीन स्कूल कैप्टन के लिए कक्षा दसवीं का छात्र अवधेश को चुना गया। जबकि वाइस कैप्टन के लिए सचिन कुमार व रोशन कुमार को पुरस्कृत किया गया। बालिका वर्ग में ग्रुप कैप्टन के लिए रिद्धि कुमारी सोनी व पूनम कुमार राणा को चुना गया। ड्रम वादन के लिए चंदन कुमार को चुना गया।

### गायत्री महायज्ञ में भारी संख्या में जुटे श्रद्धालु

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत काराखुट में आयोजित नव चेतना पांच कुंडई गायत्री महायज्ञ एवं युवा जागृति अभियान कार्यक्रम के दूसरे दिन भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर हवन यज्ञ किए। इस दौरान युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं कथा वाचक नकुल देव प्रसाद ने युवाओं को आवाहन करते हुए कहा कि जिस देश का युवा जितना शक्तिशाली होता है, वह राष्ट्र उतना ही उन्नत होता है। जब देश गुलाम था, युवा शक्ति का आव्हान किया गया था। गांधीजी के आवाहन पर युवा शक्ति सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, बाल गंगाधर तिलक, राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मी बाई, तात्या टोपे आदि युवाओं ने त्याग एवं बलिदान देकर देश को आजाद कराया था। हमें आर्थिक आजादी तो मिल गई पर नैतिक रूप से अभी भी हम गुलाम हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा, रूबी देवी, खुशबू देवी, वर्षा कुमारी, उजाला विश्वकर्मा, शिव वर्णवाल, शीला वर्णवाल, सुनीता वर्णवाल, चंदन विश्वकर्मा, विमला देवी, किरण देवी, राम परी देवी, राज कुमार मेहता, लखन लाल दीक्षित, सीताराम मेहता, रामस्वरूप

# बाल तस्करी में दो दोषियों को 14 साल का सश्रम कारावास

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाई सजा, 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया**

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने तिलैया थाना कांड संख्या 32/15 एवं एसटी 41/16 में तीन आदिवासी नाबालिग युवतियों को बहला-फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर तस्करी के लिए ले जाने के मामले की सुनवाई करते हुए दो लोगों को 14 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार जुर्माना लगाया। मामले में आरोपी 25 वर्षीय महेश यादव पिता किशुन यादव ग्राम गरगंी थाना मरकच्चो एवं 30 वर्षीय धीरज प्रसाद पिता महेश्वर प्रसाद, रजौली नवादा को आईपीसी की धारा 370/371 के तहत दोषी पाते हुए शनिवार को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी, साथ ही 25000 जुमार्ना भी लगाया।

जुर्माने की राशि नहीं दिए जाने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसे लेकर तत्कालीन तिलैया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर केपी यादव ने तिलैया थाना में कांड संख्या 32/15 दर्ज कराया था। उन्हें सूचना मिली थी कि 3 आदिवासी नाबालिग युवतियों को 2 लोगों के द्वारा काम दिलाने के नाम पर बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने के लिए गाड़ी में बैठाया गया है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर महिला पुलिस एवं पैंथर के जवानों के साथ बस स्टैंड पहुंचे, तो पाया कि तीन नाबालिग आदिवासी युवतियों के साथ दो युवक बैठा हुआ है। पुलिस को देखकर वह लोग भागने लगे, पुलिस ने दौड़ाकर दोनों युवकों को पकड़ा और पूछताछ किया। दोनों आरोपियों ने बताया कि काम दिलाने के नाम पर तीन युवतियों को वे लोग दिल्ली ले जा रहे थे, इसे लेकर तिलैया थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कराया था। इस मामले में अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आमिर निजामी ने दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना भी लगाया।

### देशभक्ति व अनुशासन का संदेश देता है स्काउट-गाइड : डीईओ



**गढ़वा।** सीबीएसई (10+2) ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में स्काउट गाइड में चयनित प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, मेडल एवं बैच देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति एवं विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। निदेशक श्री केशरी ने कहा कि आज का दिन स्कूल के लिए अविस्मरणीय है। 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड राजस्थान के जम्बूरी में चार से 10 जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया था। जिसका उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू किया था। विद्यालय में समय समय पर होने वाले कार्यक्रमों को बखूबी से निर्वहन करने के कारण ही आज बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति ने कहा कि गढ़वा जिला के लिए गौरव की बात है कि इस स्कूल से सोलह बच्चों ने राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लिया। स्काउट गाइड संगठन वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को प्रबल करता है। प्राचार्य सीबी सिन्हा ने कहा कि स्कूल प्रबंधन लगातार ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के प्रतिभा को उचित प्लेटफार्म देती है।

# उपायुक्त ने महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक हुई। उपायुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत बागवानी योजना, तालाब, लीनियर प्लांटेशन, टीसीबी और पौधारोपण की अद्यतन रिपोर्ट पर समीक्षा किया गया।

सभी प्रखंड के सभी पंचायतों के गांवों में हो रहे योजनाओं के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा किये। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिये कि हर पंचायत में 10 एकड़ तक बागवानी योजना का चयन हेतु स्थल को चिन्हित करें। साथ ही गड्ढे खोदने का कार्य करें। उपायुक्त ने सभी पंचायतों के गांवों में कम से कम 3 यूनिट टीसीबी योजना के क्रियान्वयन हेतु स्थल चिन्हित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। साथ ही साथ पौधरोपण के लिए भी स्थल चिन्हित करते हुए दो लेयर में पौधरोपण करने, तालाबों के किनारे पौधरोपण करने, योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, सभी प्रखंड में कुआं योजना हेतु स्थल चिन्हित करने, गांव/पंचायत में योजनाओं का चयन करते हुए गांव को बेहतर बनाने, गांवों का भ्रमण करते हुए मनरेगा का एनआरएम की गतिविधियां कराने, गांव स्तर पर लोगों को प्रेरित करने एवं स्कूल व स्वास्थ्य केन्द्रों में पौधरोपण करने का निदेश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बीडीओ, रोजगार सेवक व अन्य मौजूद थे।

**बागवानी के लिए हर पंचायत में 10 एकड़ तक जमीन को चिन्हित करें बीडीओ : आदित्य रंजन**

## एक नजर में

### सीआरपीएफ ने बिरहोर परिवार को दिया टंकी



सिमरिया(चतरा)। सिमरिया प्रखंड के शीला ओपी स्थित सीआरपीएफ के बी 22 बटालियन ने शनिवार को शिविर लगाकर बिरहोर परिवार के बीच पानी टंकी का वितरण किया। यह कार्यक्रम सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह, उपकमांडेंट मनमोहन ठाकुर और सहायक कमांडेंट दुर्गेश कुमार, ओपी प्रभारी सुशील टुड्डू और मुखिया कविता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में टोले वासियों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया तथा उन्हें सभ्य और सुशिक्षित नागरिक बनने की सलाह दी गई। सहायक कमांडेंट ने बताया कि यह टोला सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में बसा हुआ है। इस टोले में आदिवासी समुदाय के लगभग 30 परिवार निवास करते हैं। टोले के लोग जंगल और उससे मिलने वाली वस्तुओं पर निर्भर करती है। भ्रमण के दौरान देखा गया कि पानी के रख रखाव की व्यवस्था नहीं है। जिसे देखते हुए उन्हें आज पानी की टंकी उपलब्ध कराई गई है।

### ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

सिमरिया। शीला ओपी स्थित चौपे गांव के समीप शुक्रवार की रात ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया।मृतक युवक भीम यादव इसी गांव का रहने वाला था। जबकि घायल युवक मेराल निवासी उमेश यादव हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाजरत है। ओपी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में करते हुए पोस्मार्टम के लिए चतरा भेज दिया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर मेराल गांव से डंपिंग बालू लादकर चोपे को ओर जा रही थी रास्ते में उसने मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के सहायता से दोनों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को रेफर कर दिया।

### जिप उपाध्यक्ष ने किया जागरण का उद्घाटन



सिमरिया। बनासाड़ी स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर जागरण का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, मुखिया पार्वती देवी, पंसस भोला सिंह ,एटक नेता विनोद बिहारी पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम में आर्यन म्यूजिकल ग्रुप ने मनमोहक झांकियों और भक्ति संगीत से समा बांध दिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दर्शकों ने महिषासुर मर्दिनी,राधा कृष्ण और प्रभु श्री राम की झांकी को खूब सराहा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्षगांठ के अवसर पर पूजा अर्चना, कलश यात्रा, रुद्राभिषेक, सुंदरकांड का पाठ के अलावा भक्ति जागरण का कार्यक्रम करवाया गया है आगामी वर्षगांठ पर भी इसी प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर बाना साड़ी के अलावा आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्रों ने किया चेतना भारती का भ्रमण




चतरा। हंटरगंज प्रखंड के ग्राम औरुगेरुआ स्थित उत्कर्मित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने व्यवसायिक कृषि के क्षेत्र मे रुचि रखने वाले छात्रों ने चेतना भारती हंटरगंज का भ्रमण किया। जहां विभिन्न प्रकार के कृषि उन्मुखीकरण को देखा और समझा और उपजाव के तरीके को जानने का प्रयास किया। लगभग सौ की संख्या में पहुंचे छात्र छात्राओं को स्थानीय मुखिया बसंती पन्ना ने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए बेहतर कृषि के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा की आम, अमरूद, आउंला, बैर और सब्जी की खेती कर आर्थिक स्थिति को मजहूत किया जा सकता है साथ ही मुर्गी पालन,बकरी पालन,बतख पालन और मछली पालन कर बेहतर जीवन यापन किया जा सकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को यह भी बताया की कृषि के क्षेत्र मे भी बेहतर कैरियर बना कर ढंग की जीवन यापन किया जा सकता है।

### सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत, एक गंभीर

चतरा। डीडीसी आवास के पास सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गई। जबकि इस घटना में एक युवक घायल है। जिसे सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर किया गया है। बताया जाता है कि मृतक छात्रा साक्षी कुमारी सदर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव निवासी शिक्षक बिरेंद्र कुमार पांडेय की पुत्री थी। बताया जाता है कि छात्रा स्कूटी से अपने भाई के लाने डीएवी जा रही थी। इस दौरान डीडीसी आवास के समीप एक बाइक ने टक्कर मार दी। इस घटना में वह गभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सीडी बालिका उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी



कोडरमा। सीडी बालिका उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में उपायुक्त आदित्य रंजन शामिल हुए। वहीं विद्यालय के बच्चियों ने बुके देकर उपायुक्त का स्वागत किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चियों द्वारा करीब 50 से अधिक प्रोजेक्ट पर प्रदर्शनी प्रस्तुत किया। वहीं बच्चियों द्वारा रैन हार्वेस्टिंग, सोलर सिस्टम, बायो गैस, ज्वालामुखी, होलोग्राम, जल चक्र, रैन अलार्म, वायु प्रदूषण, स्मार्ट सिटी समेत कई प्रोजेक्ट व ग्राफ पर प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रदर्शनी को सराहा। वहीं उपायुक्त ने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हमेशा आगे बढ़ें, जिले के विद्यालयों में शिक्षकों के मेहनत से काफी सुधार आया है, आने वाले दिनों में विद्यालय बहुत बेहतर होंगे। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ अनिल कुमार, प्रधानाचार्य, शिक्षक व बच्चियां मौजूद थीं।

### बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बीडीओ पप्पु रजक ने शनिवार को प्रखंड के दक्षिणी पंचायत मरकच्चो के तेलियामारन आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 111 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में थोड़ी और सुधार लाने को कहा। वहीं उन्होंने केंद्र की साफ सफाई, पोषाहार, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों का वजन, ग्रोथ चार्ट पंजी सहित अन्य पंजियों का भी निरीक्षण किया, साथ ही आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर सेविका नुसरत बानो, सहायिका मन्ती बिरहोरीन आदि मौजूद थे।

### आग लगने से हजारों की संपति जलकर राख

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाडीह पंचायत के नवादा में अरुण दास पिता लखन दास के घर में आग लग जाने से हजारों की सम्पति जलकर राख हो गई। उक्त घटना के सबंध में परिजनों ने बताया की इसके पूर्व भी दो बार आग लगा था और यह तीसरी बार की घटना है। अचानक आग लगने से धान, कपड़ा, नगदी रुपया सहित कई कागजात जल कर राख हो गया। जिसके बाद परिजनों ने हो हल्ला किया और आसपास के लोग ईकट्ठा होकर आग को पानी से बुझाकर काबू में पाया गया। इस घटना से चिंतित पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है। वहीं खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज करवाने की प्रक्रिया चल रही थी।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पड़ताल में जुटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



थाने में रोते-बिलखते परिजन

**हंसडीहा।** दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बबनखेता गांव में पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। शव की पहचान थाना क्षेत्र के बबनखेता गांव निवासी 20 वर्षीय रामलाल राउत के रूप में हुई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी सुगना मुंडा को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद एसआई उत्तम पासवान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को कब्जे में लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस के समक्ष हत्या की आशंका जताई है। थाना पहुंचे मृतक के परिजनों के चित्कार से थाना परिसर गमगीन हो गया। थाना पहुंचे मृतक के बड़े भाई छबिलाल राउत ने बताया कि शुक्रवार शाम से ही रामलाल लापता था। जब रात होने के बाद भी वे घर नहीं पहुंचा तो घरवाले अपने स्तर से उसकी खाफी खोजबीन किया। लेकिन उसका कुछ पता नही चला। शनिवार सुबह शौच के लिए पोखर जा रहे लोगों ने देखा कि रामलाल का शव पेड़ से लटका हुआ है। मृतक के भाभी ने बताया कि गांव की एक विवाहित महिला रामलाल को फोन करती थी। वे दोनों फोन पर अक्सर बात करते थे। बीते दिनों उक्त महिला की सास ने रामलाल (मृतक) के परिजनों को आगाह करते हुए कहा था कि रामलाल मेरी पुत्रवधु के साथ मारपीट किया है, उसे समझा ले। इन्ही सब बातों को लेकर मृतक के परिजनों को ये संदेह है कि रामलाल ने आत्महत्या नहीं की होगी, उसकी हत्या कर पेड़ से लटकाने का आशंका जाहिर किया। मामले में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप पुलिस जांच में जुट गई है। हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा होगा। मृतक तीन भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया है।

## स्पीड न्यूज

### एसकेएमयू के बीएड सेमेस्टर 2 का परीक्षा 13 फरवरी से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बीएड सेमेस्टर 2 का परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी। परीक्षा सत्र 2021-23 के परीक्षा 2022 के सेमेस्टर 2 का प्रारंभ होगा। परीक्षा 13 फरवरी से लगातार 24 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा द्वितीय पाली में एक बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षा 13 फरवरी को लर्निंग और टीचिंग, 14 फरवरी को विभिन्न भाषा एवं फिजिकल साईंस, 15 फरवरी को सोशल साईंस, 16 फरवरी को बायोलॉजिकल साईंस एवं सिविक्स, 17 फरवरी को कॉमर्स, 20 फरवरी को मैथेमेटिक्स, 21 फरवरी को जोगरफी, 22 फरवरी को इक्नॉमिक्स, 23 फरवरी को टिचिंग ऑफ हिस्ट्री एवं 24 फरवरी को एक्साईमेंट लर्निंग की परीक्षा आयोजित होगी।

### बेरमो थाना में सर्किल इंस्पेक्टर ने किया समीक्षा बैठक



**बेरमो।** ध्बेरमो थाना में सर्किल इंस्पेक्टर ने नूतन मोदी ने चंद्रपुरा थाना प्रभारी का कार्तिक महतोएबोकारो झरिया ओपी प्रभारी रंजीत कुमारए नावाडीह के थाना प्रभारी महावीर पंडितए दुग्धा थाना प्रभारी कन्हैया एक नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार के साथ कार्यों को लेकर समीक्षा किया। बैठक में थाना प्रभारी से उन्होंने क्षेत्र की विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए उन्होंने कई तरह की बातों को बताया। कहा कि पुलिस लोगों की सहायता के लिए ही है। लोगों को भी पुलिस की सहायता करनी चाहिए कहा कि सभी के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह से बहाल हो सकती है।

### नेशनल गेम्स में गोल्ड जीत आशा किरण बारला ने रचा इतिहास



**बेरमो।** भोपाल में आयोजित 5वीं यूथ नेशनल गेम्स में आशा किरण बारला ने 1500 मीटर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिर से गोल्ड मेडल हासिल किया। आशा किरण का 1500 मीटर दौड़ में यह पहला नेशनल मेडल है। उसकी इस सफलता के पीछे सीसीएल का भी योगदान है। झारखंड के गुमला जिले के कामडारा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव की आशा किरण बारला रहने वाली है। वह खेलो इंडिया समेत कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है।आशा किरण के कोच आशु भाटिया ने बताया कि इस शानदार प्रदर्शन के पीछे सीसीएल का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उम्मीद है कि इसी तरह योगदान मिलता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आशा किरण बारला 2024 ओलंपिक की तैयारी में जुटी है। पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ओलंपिक क्वालीफाई कर झारखंड सहित देश का नाम रोशन करेंगी।रेस शुरू होने से पहले झारखंड स्थित मिनी रत्न कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी पीएम प्रसाद ने फोन पर आशा किरन बारला से बात की। धावक का मनोबल बढ़ाया। गोल्ड मेडल जीतने के लिए प्रोत्साहित किया।

### वृद्धा लापता, स्वजन परेशान



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव निवासी 85 वर्षीय वसिहन बीबी घर में बिना बताए बीते 2 फरवरी से लापता है। इससे स्वजन काफी परेशान हैं। लापता वृद्धा के पोते इरशाद आलम ने बताया कि सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन किया। बावजूद उसके दादी का कहीं पता नहीं चल सका। इस संबंध में इरशाद आलम ने स्थानीय थाना में अपने दादी का गुमशुदगी का सन्हा दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है।

## हार्ट अटैक से बचाने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट की दी गयी जानकारी



बेसिक लाइफ सपोर्ट दी गई जानकारी देते डॉक्टर

**दुमका।** एसपी के निदेर्शानुसार नगर थाना में पुलिस पदाधिकारियों को पीजेएम अस्पताल के डॉ मकसूद आलम एवं उनकी टीम ने हार्ट अटैक अथवा कार्डियक अरेस्ट वाले मरीज को बचाने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी दी। इस पद्धति में सीपीआर देकर मरीज की जान कैसे बचाई जा सकती है, इसकी जानकारी दिया। डॉ मकसूद आलम ने कहा कि देखा जाता है कि किसी भी व्यक्ति के अचानक अनकौनसस या हार्ट अटैक आ जाती है। उस स्थिति में मेडिकल सपोर्ट देने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं होता है। ऐसी स्थिति में हम उनकी जान बचाने के लिए दिए गए तरीकों से बेसिक लाइफ सपोर्ट दिया जा सकता है। सबसे पहले मेडिकल सपोर्ट के लिए 108 पर डायल कर सूचित करेंगे। मरीज होश में है या नहीं इसके जांच के लिए घुटनों के सहारे बैठकर मरीज का नाम पुकारेंगे, उसके बाद 10 सेकंड तक नब्ज की जांच करेंगे। पल्स नहीं मिलने की स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्डियक अरेस्ट या हार्ट अटैक आया है। ऐसी स्थिति में अपने हाथ के दोनों पंजों को परस्पर जोड़कर मरीज के सीने के ऊपर अपने कमर के द्वारा ताकत लगाकर 30 बार लगातार दाब लगाएंगे। 30 बार छाती पर जवाब देने के बाद दो बार मुंह में अपना सांस मरीज के मुंह में देंगे। ऐसा कम से कम पांच बार करना है। बेसिक लाइफ सपोर्ट पद्धति को इस्तेमाल कर मरीज को हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट से बचाया जा सकता है। नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह ने डॉ मकसूद आलम एवं उनकी टीम के द्वारा दी गई।

# तीन माह से गैरेज में काम कर रहा था 12 वर्षीय बालक

सीडब्ल्यूसी ने नियोक्ता को बालक को 20 हजार रुपये देने का दिया आदेश

जिला स्तर पर गठित धावा दल ने गैरेज से चाइल्ड लेबर को किया था रेस्क्यू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




सुनवाई करते सीडब्लूसी सदस्य

**दुमका।** जिला स्तर पर गठित धावा दल ने शनिवार को खिजुरिया के एक मोटरसाइकिल गैराज में काम कर रहे 12 वर्षीय बालक का रेस्क्यू किया और उसे बाल कल्याण समिति दुमका के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। चाइल्ड लेबर का मामला दर्ज करते हुए सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी की और नियेक्ता को मुआवजे के तौर पर बालक को 20 हजार रुपये देने का आदेश पारित किया। बालक ने अपने बयान में बताया कि वह पिछले करीब तीन माह से खिजुरिया स्थित गैराज में हेल्पर के रूप में काम करता और सीखता है। बदले में उसे प्रतिदिन 15-20 रुपये मिलते हैं। उसके रिश्ते के दादा कभी-कभी खाने के लिए 100-150 रुपये देते हैं। वह अब गैरेज में काम नहीं करेगा बल्कि पढ़ाई करने स्कूल जायेगा। बालक के प्रोडक्सन के बाद उसकी मां और चचेरे दादा समेत परिवार के लोग अपने अधिवक्ता के साथ समिति में आये। पहले तो मां और अन्य परिजनों ने बालक के गैराज में काम करने से इनकार किया पर जब उन्हें बताया गया कि धावा दल ने बालक को काम करते हुए पाने पर उसे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया है और बालक ने भी अपने बयान में गैरेज में काम करने की बात स्वीकारी है तो वे माफी मांगने लगे। चचेरे दादा ने अपने बयान में कहा कि बालक उनके गैरेज में तीन माह से काम कर रहा था। वह मुआवजा के रूप में 20 हजार रुपये बालक के बैंक खाते में जमा कर देगा और उसकी रिसीप्ट बाल कल्याण समिति के कार्यालय में जमा करेगा। जामा थाना क्षेत्र में रहनेवाली बालक की मां ने अपने बयान में बताया कि उसके पति धनबाद में रहते हैं। वह चुड़ी बेचती है। बेटे का उर्दू स्कूल में नामांकन करवाया है पर वह स्कूल नहीं जाता है। उसके बेटे के काम के एवज में उसे कभी कोई राशि नहीं मिली है। वह बालक को अपने साथ घर ले जाना चाहती है। वह उसे पढ़ायेगी। समिति ने फार्म 20 में अंडरटेकिंग लेकर बालक को उसके परिवार के साथ घर भेज दिया है।

# लाखों के लागत से बने जलमीनार बनी शोभा की वस्तु, ग्रामीण हलकान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**काठीकुंड।** प्रखंड के आस्ताजोड़ा के सागवान टोला में वर्ष 2021-22 में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा लाखों रुपए की टेंडर निकालकर एक जल मीनार का निर्माण कराया गया था। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उस जल मीनार से किसी को एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है की विभाग के अधिकारी और संवेदक इसे कमाने का एक जरिया बना दिया गया है। जल मीनार सिर्फ बना कर खड़ा कर दिया गया है। जिससे लोगों को लगे कि इस गांव का विकास हो रहा है। जो कि वास्तविक में इस जल मीनार से किसी एक घर को भी लाभ नहीं मिल सका। यदि सही ढंग से जल मीनार की निर्माण में जांच की जाए तो कई तरह से अनियमितता उजागर होंगे। कई घरों में कनेक्शन भी नहीं हुआ है और नहीं पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। सरकार शुद्ध जल देने की वादा तो बहुत करती है। लेकिन हर घर को शुद्ध जल नहीं मिल पा रहा है। बड़े-बड़े जल मीनार बना कर तो खड़ा कर दिया गया है। लेकिन नहीं किसी को उस मीनार का लाभ नहीं मिलता है और नहीं शुद्ध जल घरों तक पहुंच रही है। ऐसा हालत है कि उस गांव में लोग कुएं के अशुद्ध जल पीने के लिए मजबूर हो गए और आगे गर्मी के दिनों में अधिक कठिनाई का सामना करना बाकी है। गांव के लोग विभाग अधिकारियों और संवेदक के ऊपर काफी गुस्सा में है। ऐसे हालातों में जनता के लाखों रुपए के टैक्स का दुरुपयोग विभाग के अधिकारी के और संवेदक द्वारा किया गया है। ग्रामीणों ने संवेदक पर जल मीनार के निर्माण में काफी अनियमिता का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से इसकी जांच करने और संवेदक पर कार्रवाई का मांग किया है।

## बारियातू के नए थाना का डीसी, एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**बारियातू।** उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन,अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप सहित अन्य जिले के वरीय अधिकारियों ने पहली बार नए थाना भवन,प्रखंड सह अंचल कार्यालय बरियातू व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरक्षण शनिवार को किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय निरक्षण के दौरान उपायुक्त श्री यादव ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दीपाली भगत को सभी कार्य समय पर निष्पादन करने को कहा। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस कार्यालय का भी निरक्षण किया। इस दौरान कार्यालय के बाहर लगे यौन उत्पीड़न की शिकायत पेटी को नियमित रूप से खोलकर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। प्रखंड कार्यालय परिसर की शौचालय की खराब स्थिति को अविलंब दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का अपना भवन अबतक नही रहने पर नाराजगी जताई। साथ ही बालिकाओं से मिलने वाली भोजन सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी भी लिया।

## एक नजर में

### सेल टैक्स विभाग ने चार वाहनों को किया जब्त

**हंसडीहा।** सेल टैक्स विभाग ने शुक्रवार रात दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर बड़ी छोटी चार वाहनों को जप्त किया है। जप्त किये वाहनों में बीआर 10 जी 7072, एनएल 01जी 6557 एवं डब्लूबी 41 जे 8141 और एक बिना नम्बर के वाहन शामिल है। अभियान के दौरान सेल टैक्स के अधिकारियों द्वारा जब वाहनों के चालक से वाहन और वाहन पर लदे समानों से संबंधित कागजातों की मांग की। लेकिन वाहन चालकों ने कागजातों को दिखाने में असमर्थता जताया। जिसके बाद वाहनों को जप्त कर हंसडीहा थाना को सुपुर्द कर दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि सेल टैक्स विभाग ने वाहनों को जब्त कर सुरक्षा के लिए थाना को सुपुर्द किया है। जब्त किए गए वाहन व सामान से संबंधित लोग इसका चालान दुमका सेल टैक्स ऑफिस में जमा कर वाहनों को ले जा सकते हैं। अभियान में राज्य कर उपायुक्त रामप्रवेश प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक शत्रुघ्न महतो सहित पुलिस बल की टीम मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक कर एसपी कॉलेज के एनएसएस वोलेंटियरों ने ग्रामीणों शिक्षा का महत्व बताया



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एसपी कॉलेज सेवा योजना इकाई 10 के द्वारा विशेष सप्ताह शिविर पांचवा दिन शनिवार को जारी रहा। शिविर सदर प्रखंड दुमका के हरिपुर पंचायत के कुलहड़िया गांव में आयोजित हुई। जिसमें स्वयंसेवकों ने शुरूआत में सभी एकत्रित होकर लक्ष्य गीत गाकर किया। प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सीमा कुमारी, मुख्य अतिथि मुखिया प्रेमलता किस्कू और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के बीच शिक्षा का महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूक करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया। मूल्यवान शिक्षा, निजी एवं पेशेवर जिंदगी में सफलता की एकलौती कुंजी बताया। स्वयंसेवकों में मो इमरान, कुलेश भंडारी, पियूष, प्रशांत, प्रिंस, पूजा, सोनम, चंदा, राजा, करीना, नेहा, अनया, ममपी, स्वेच्छा, रोहित, अनुराग, उस्मान आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### ट्रेन में बैठकर बंगाल से दुमका पहुंच गया बालक



**दुमका।** दुमका के चोरकट्टा इलाके में छह दिनों पूर्व भटकता हुआ मिला 16 वर्षीय बालक को शनिवार को चाइल्डलाइन दुमका के टीम मेंबर इब्नूल हसन ने बाल कल्याण समिति दुमका के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। बालक के बारे में सूचना देनेवाले श्यामल साहा भी समिति के समक्ष हाजिर हुए। अपने बयान में उन्होंने बताया कि यह बालक 29 जनवरी को उनके घर के बलग में मिला। पूछताछ करने पर बालक ने अपना नाम पता बताया। उनहोंने बताये गये पता पर रजिस्ट्री चिट्ठी भेज कर उसके परिवार को बालक के दुमका में होने की जानकारी दी। उन्होंने बालक को अपने घर में रख लिया और उसके परिजनों के आने का इंतजार करने लगे। लेकिन जब 4-5 दिन बीतने के बाद भी उसे लेने कोई नहीं आया तो उन्होंने चाइल्डलाइन दुमका को इसकी सूचना दी। बालक ने अपने बयान में बताया कि उसके पिता की चार वर्ष पूर्व लीवर की बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। मां दूसरों के घर में चौका-बर्तन करती है। वह पश्चिम बंगाल के मल्लारपुर का रहनेवाला है औ र वहां हाई स्कूल में पढ़ता है। वह ट्रेन में बैठकर दुमका आ गया है और अब घर वापस लौटना चाहता है। चेयरपर्सन डा अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डा राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी की और बालक के घर का सत्यापन करने और उसके मामले को गृह जिला में ट्रॉन्सफर करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए डीसीपीओ को 15 दिनों के अंदर एसआईआर प्रस्तुत करने का आदेश पारित करते हुए बालक को अगले आदेश तक बालगृह (बालक) बक्सी बांध, दुमका में आवासित कर दिया।

### एसपी कॉलेज के संताली विभाग ने मनाया जयंती



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एसपी कॉलेज के संताली विभाग संताली साहित्य में अद्वेत योगदान देने के लिए एल ओ स्करेफसर्ड की जयंती शनिवार को मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने की। विभागाध्यक्ष प्रो होलिका मरांडी ने स्करेफसर्ड की जयंती पर उनका परिचय देते हुए कहा कि एल ओ स्करेफसर्ड संताली साहित्य के जनक और नॉर्वियन शोधार्थी थे। उनका जन्म 4 फरवरी 1840 को नॉर्वे में हुआ था। उन्होंने कई देशों का भ्रमण किया। जिसमें जर्मनी, डेनमार्क, आइसलैंड, फिनलैंड आदि शामिल हैं। वे कई भाषा के ज्ञानी भी थे। भारत में वह एक मिशन के तहत सन् 1863 ई में अपने एक साथी के साथ आए थे। उन्होंने संताल परगाना को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। शिकारीपाड़ा के बेनागड़िया गांव में उनका मुख्यालय था। यहां आने के बाद उन्होंने देखा कि संताली भाषा बहुत ही समृद्ध किया। यहां के भाषा और संस्कृति दुनिया के भाषा और संस्कृति से श्रेष्ठ और अलग बताया। इस पर यदि थोड़ा सा भी काम किया जाए तो यह बहुत आगे बढ़ाने का संभावना जताया। तब यहां के आदिवासी बहुत ही गरीब और असहाय थे। शिक्षा के क्षेत्र में तो बहुत ही निचले पायदान पर खड़े थे। उनका दैनिक जीवन, रोजमर्रा के लिए भागदौड़ पर टिका था। ऐसे समय में उन्होंने संताली संस्कृति और समाज को बहुत नजदीक से देखा। उन्होंने न सिर्फ संथाली भाषा पर काम किया। विभाग शिक्षक प्रो सनातन मुर्मू ने कहा कि उन्होंने संताली साहित्य के लिए जो बीज बोया था। वह आज समृद्ध साहित्य के रूप में हमारे सामने खड़ा है। इसके लिए संताली साहित्य उन्हें हमेशा स्मरण करते रहेगी। उनकी मृत्यु 11 दिसंबर 1910 को बेनागाड़िया मिशन में हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन विभाग के शिक्षक निर्मल मुर्मू ने किया। कार्यक्रम में भौतिक शिक्षक प्रो इंद्रजीत ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# भाषा एवं संस्कृति को कभी नहीं भूले, जहां भी जाए हमेशा जीवित रखेः नलीन सोरेन

रेवरेन्ड एल. ओ. स्क्रेफस्त्रुड संथाली लिटरेचर एंड कल्चरल मीट का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




मंच पर उपस्थित अतिथि

**दुमका।** कंवेंशन सेंटर में रेवरेन्ड एल. ओ. स्क्रेफ्स्त्रुड संथाली लिटरेचर एंड कल्चरल मीट का आयोजन रविवार को हुआ। रेवरेन्ड एल.ओ. स्क्रेफ्स्त्रुड के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर साहित्यकार समागम और वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नार्वेजियन राजदूत सहित देश-विदेश के विद्वान प्रवक्ताओं द्वारा एकेडमिक परिचर्चा में भाग लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। पारंपरिक रीति रिवाज लोटा-पानी से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक नलिन सोरेन ने उपस्थित लोगों को संथाली भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम होते रहना चाहिए। यहां के लोगों में अपने भाषा और साहित्य के प्रति प्रेम को देखते हुए बहुत गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा आपने भाषा एवं संस्कृति को कभी नहीं भूले। जहां भी जाए हमेशा जीवित रखे। मौके पर जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि रेवरेन्ड एल.ओ.स्क्रेफ्स्त्रुड मिशनरी बनकर आए जरूर थे। लेकिन संथालो के बीच रहकर हम संथाल समाज के उत्थान में बड़ा काम किया। उन्ही के वजह से गरीब संथालों समाज में शिक्षा की रौशनी बढ़ी। संथाल समाज आगे बढ़ रहा है और उन्हें यह देख कर खुशी हो रही होगी। उन्होंने ही संथाली ग्रामर बनाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन साहित्य के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे लोग साहित्य से जुड़े रहे हैं। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं दुमका विधायक बसंत सोरेन के संदेश को पढ़ कर सुनाया। एसपी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पीओ बोडिंग ट्रस्ट से ग्रेसी हांसदा को उपायुक्त ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस आयोजन में देश विदेश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले संथाली समाज एवं साहित्य से जुड़े लोगों ने भाग लिया। संथाली भाषा के उत्थान में केराप साहब के योगदान के संबंध में अपने विचारों को रखा। प्रथम सत्र में केराप साहब की जीवनीह्व पर केंद्रित था। जिसमें सिबा मुर्मू, महेन्द्र बेसरा एवं मैथियस छोटू उक्त विषय पर अपने अपने विचार रखे। सिबा मुर्मू ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन संथाली साहित्य के विकास के लिए होते रहना चाहिए और इसका लाभ यहां के युवाओं और साहित्य से जुड़े लोगों को मिलेगा। रेवरेन्ड एल.ओ.स्क्रेफ्स्त्रुड समाज सुधारक, संताल संस्कृति संरक्षक, विचारक, विद्वान, भाषाविद, गीतकार, ध्वनि संकलनकर्ता, विशिष्ट अनुवादक एवं संताली-बोडो भाषा प्रेमी और संताल परगाना सेटलमेंट रेगुलेशन एक्ट-1872 के ड्राफ्टिंग कमिटी सदस्य व रेवरेन्ड पी.ओ.बॉडिंग गुरूजी के नाम से मशहूर हुए। डॉ महेंद्र बेसरा ने कहा कि रेवरेन्ड एल.ओ.स्क्रेफ्स्त्रुड की पहचान किसी से छिपी नहीं है। संथाली भाषा के क्षेत्र में किया गया उनका योगदान बहुत ही बहुमूल्य है। उन्होंने संथाली भाषा के लिए कई कार्य किये हैं। उनकी लिखी पुस्तकें ज्ञान से ओतप्रोत है। उनका व्यक्तित्व बहुत ही सरल था। उन्होंने अपने जीवन काल में कई कठिनाइयों, संकटों का सामना किया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने कर्तव्य पथ पर हमेशा अग्रसर रहे। मैथियस छोटू ने कहा कि केराप साहब ने ऐसी कई पुस्तकों की रचनाएं की है। जिससे संथाली भाषा को बेहतर ढंग लिखा,पढ़ा एवं बोला जा सकता है। उन्होंने मानव जीवन से जुड़ी कई पुस्तकें भी लिखी हैं। उनके द्वारा लिखी संथाली डिक्शनरी संथाली भाषा को समझने में काफी महत्वपूर्ण है।